# University in News on 21 March 2020

## AMAR UJALA

# दो अप्रैल तक बंद रहेंगे लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़े सभी कॉलेज

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** परीक्षा और कक्षाओं के स्थगन के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालय दो अप्रैल तक बंद रहेंगे। कोरोना वायरस से बचाव के संबंध में शुक्रवार को लविवि कुलसचिव ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार सभी कार्मिकों को घर से काम करने के लिए कहेंगे। विशेष जरूरत होने पर ही उन्हें कार्यालय बुलाया जाएगा। कार्यालय आने पर पूरी सावधानी बरती जाएगी। इसके साथ ही शिक्षक और कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपना मोबाइल नंबर तथा वाट्सएप चालू रखेंगे। किसी भी सूरत में वे मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

इस आदेश के जारी होने से पहले लविवि शिक्षक संघ तथा कर्मचारी परिषद ने कुलपति को पत्र भेजकर कुलपति से विवि बंद करने का अनुरोध किया था। उनका कहना था जब सभी कार्यालय बंद किए जा रहे हैं और कक्षाएं स्थगित हैं तो फिर विवि प्रशासन को शिक्षक और कर्मचारियों के लिए भी अवकाश घोषित कर देना चाहिए।

इसके बाद लविवि कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से आदेश जारी किया गया। इस आदेश के अनुसार इस अवधि में सभी संस्थानों की कक्षाएं आदि पूरी तरह से बंद रहेंगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई का नुकसान न हो इसलिए शिक्षक विद्यार्थियों को सभी पठन सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही सरकार द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने के लिए भी कहा गया है।

## NBT

# आर्ट्स कॉलेज का एलयू में विलय

## एलयू की कार्यपरिषद की बैठक में फैसला, डीनशिप विवाद खत्म

■ **एनबीटी, लखनऊ**

आर्ट्स कॉलेज की स्वायत्ता खत्म कर अब इसे लखनऊ विश्वविद्यालय में मर्ज किया जाएगा। इसके साथ पिछले एक साल से कॉलेज में चल रहा डीनशिप विवाद भी खत्म हो गया। वहीं, एलयू के साइंस फैकल्टी में डीनशिप को लेकर चल रहे विवाद पर फैसला कुलाधिपति लेंगे। एलयू में शुक्रवार को हुई कार्यपरिषद की बैठक में ये फैसला लिया गया। इसके अलावा बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

### बनेगी अकैडमिक, रिसर्च और रिक्रूटमेंट ऐंड असेसमेंट सेल

विवि की गुणवत्ता सुधारने के लिए कैंपस में अकैडमिक, रिसर्च और रिक्रूटमेंट ऐंड एसेसमेंट सेल बनाई जाएगी। इनमें में डीन नियुक्त किए जाएंगे। इसके अलावा सेल में दो से ज्यादा अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे, जो सम्बद्ध कॉलेजों के साथ अल्मनाई का गठन करेंगे। इसके साथ विवि व कॉलेजों की दूसरी चीजों को बढ़ावा देंगे। इसमें लगने वाले अन्य अधिकारी पूर्व छात्र सम्मेलन, रजिस्ट्रेशन और पूर्व छात्रों को जोड़ने का काम देखेंगे। बैठक में व्यावहारिक अर्थशास्त्र में कविता चतुर्वेदी की फर्जी नियुक्ति का मामला भी उठाया गया।

### वेबसाइट पर होंगे मीटिंग मिनट्स

वादी प्रशांत की ओर से मीटिंग मिनट्स में लगाए गए छेड़छाड़ के आरोप मामले की जांच के लिए समिति बनाई गई है, जो यह तय करेगी कि वास्तव में मिनट्स में कोई छेड़छाड़ की गई है या नहीं। इसके अलावा आगे से यह समिति मिनट्स का वीडियोग्राफ़ी से मिलान करेगी और इसके बाद ही मिनट्स जारी किए जाएंगे। कुलपति ने समिति को सारे मिनट्स वेबसाइट पर भी अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।



### शिक्षक और कर्मचारियों के लिए भी एलयू बंद

■ **एनबीटी, लखनऊ:** कोरोना से बचाव को देखते हुए दो अप्रैल तक एलयू और सम्बद्ध कॉलेज पूरी तरह से बंद रहेंगे। एलयू प्रशासन की ओर से शुक्रवार को जारी पत्र के मुताबिक, दो अप्रैल तक शिक्षक और कर्मचारियों के भी आने पर मनाही हो गई है। आवश्यक कार्य पर ही अधिकारी आकर काम कर सकेंगे।